जीविका
गरीबी निवारण हेतु बिहार सरकार की पहल
बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति
राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बिहार
बिहार सरकार
प्रथम तल, विद्युत भवन -2, बेली रोड, पटना – 800 021, दूरभाष :+91-612-250-4980, फैक्स : +91-612-250 4960, ईमेल :: info@brlp.in, वेबसाईट : www.brlp.in

Ref.: BRLPS/Proj - SJY/1854/21/4697 Date: - 18-11-2022

## कार्यालय आदेश

### जेंडर आधारित हिंसा रोकने तथा एकीकरण को बढ़ावा देने हेतु विशेष अभियान

बिहार राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी उन्मूलन एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में जीविका एक सशक्त एवं प्रभावी माध्यम के रूप में कार्य कर रही है। जीविका द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को स्वयं सहायता समूह में जोड़ कर उनके सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कार्य किया जाता है। इन संगठनों द्वारा सामाजिक विकास के तहत नशामुक्ति, बाल विवाह, दहेज़ प्रथा तथा लैंगिक हिंसा पर कार्य किया जा रहा है।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सामुदायिक संगठनों को आगे बढ़ाते हुए लैंगिक हस्तक्षेप/जेंडर एकीकरण कार्यक्रमों के माध्यम से लैंगिक समानता के मुद्दों का समाधान करने के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन सामुदायिक संगठनो के द्वारा किया जा रहा है। लिंग आधारित हिंसा को रोकने तथा इस दिशा में हो रहे कार्यों को और अधिक गति देने हेतु राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा एक अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान को **" नई चेतना"** के नाम से संबोधित किया जायेगा, जिसकी शुरुआत 25 नवंबर 2022 को माननीय राष्ट्रपति महोदया द्वारा **"महिलाओं के प्रति हिंसा उन्मूलन के अंतर्राष्ट्रीय दिवस" के अवसर** पर निर्धारित **है**। तीन सप्ताह तक चलने वाले अभियान का औपचारिक समापन 20 दिसंबर को **"अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता दिवस"** पर होगा। अभियान का लक्ष्य **"बिना किसी भय, भेदभाव और हिंसा के गरिमापूर्ण जीवन-यापन के लिए संरचनात्मक बाधाओं को दूर करके, महिलाओं और लिंग-विविध व्यक्तियों की मांग और अधिकारों को बढ़ावा देना है"**। इस अभियान अंतर्गत मुख्य गतिविधियाँ निम्नवत है:-

1. **माननीय राष्ट्रपति महोदया द्वारा 25 नवम्बर 2022 को "नई चेतना- पहल बदलाव की ओर" अभियान का शुभारंभ।**

   क. जिला परियोजना प्रबंधक द्वारा अभियान के शुभारम्भ कार्यक्रम को समूह सदस्यों के सन्मुख Live Telecast हेतु टेलीविज़न, प्रोजेक्टर, एवं लैपटॉप की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

   ख. सभी प्रबंधक-संचार एवं सामाजिक विकास अपने जिला अंतर्गत जिला/प्रखंड/संकुल संघ/ग्राम संगठन में होने वाले कार्यक्रम सम्बंधित विस्तृत प्रतिवेदन, चित्र एवं भाग लेने वाली दीदियों की विवरणी कार्यक्रम पूरा होने के तीन दिनों के अन्दर राज्य कार्यालय को उपलब्ध कराएँगे एवं सम्बंधित क्षेत्रीय समन्वयक इन सूचनाओं को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा विकसित MIS App पर प्रविष्टि सुनिश्चित करेंगे।

   ग. **15 संकुल संघों में साझा शक्ति केंद्र ( जेंडर डेस्क ) की स्थापना एवं समूह सदस्यों से संवाद**– जीविका द्वारा कार्यालय आदेश संख्या - बीआरएलपीएस/प्रोज-एसजेवाई/1854/21/29304/2022 दिनांक-31/07/2022 के माध्यम से जेंडर एकीकरण कार्यक्रम ( Gender Integration Program) के संबंध में पूर्व में दिशा निर्देश निर्गत किया गया है। दिशा निर्देशों के अनुरूप चिन्हित 03 जिलों में जीविका संपोषित संकुल संघों के कार्यालय परिसर में साझा शक्ति केंद्र (जेंडर डेस्क) की स्थापना की जानी है। यह केंद्र ग्रामीण महिलाओं के लिए उनकी आवाज को बुलंद करने तथा विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से अपने अधिकारों तक पहुंच दिलवाने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा। जेंडर एकीकरण कार्यक्रम

बिहार राज्य के तीन जिलों यथा- मुजफ्फरपुर, नालंदा और पटना में सहयोगी एजेंसी -सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज (C3) के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। लिंग आधारित हिंसा और भेदभाव को समाप्त करने की दिशा में उठाए गए कदम के रूप में इन जिलों में 4 चिन्हित प्रखंडों के 15 संकुल स्तरीय संघों (CLF) के कार्यालय परिसर में 15 साझा शक्ति केंद्र ( जेंडर डेस्क ) की स्थापना 23 नवम्बर 2022 तक किया जाना है। इस सन्दर्भ में जीविका द्वारा कार्यालय आदेश संख्या -4624 Dated 15 11 2022 का अनुपालन ससमय पूरा करना सुनिश्चित किया जायेगा। अभियान के शुभारंभ के दिन विभिन्न सम्बंधित विभागों के पदाधिकारियों को साँझा शक्ति केंद्र पर उपस्थिति हेतु आमंत्रित किया जाएगा।

2. **जेंडर आधारित हिंसा रोकने तथा जेंडर एकीकरण को बढ़ावा देने हेतु विशेष प्रचार-प्रसार** - जेंडर आधारित हिंसा रोकने तथा एकीकरण को बढ़ावा देने हेतु राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा अभियान के विशेष प्रचार-प्रसार के संदर्भ में विशेष रूप-रेखा तैयार की गयी है, जिसमें विभिन्न स्तर पर संचालित किए जाने वाले गतिविधियों को उल्लेखित किया गया है । सभी जिला एवं प्रखंड इकाइयों द्वारा प्राथमिकता के साथ सम्पूर्ण अभियान को पूर्ण कराना तथा सम्बंधित प्रतिवेदन राज्य इकाई से साझा किया जाना अपेक्षित है। विशेष प्रचार-प्रसार अंतर्गत मुख्य गतिविधियाँ निम्नवत है :-

**क. ग्राम स्तरीय गतिविधि**

- ग्राम स्तर पर व्यापक मोबलाइजेशन हेतु जागरूकता रैली एवं संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जीविका संपोषित सभी ग्राम संगठनों द्वारा जेंडर आधारित हिंसा को रोकने तथा सदस्यों को जागरूक करने हेतु प्रभात –फेरी का आयोजन किया जायेगा, जिसमें ग्राम संगठन से जुड़े सभी समूहों के सदस्य भाग लेंगे।
- जीविका मित्र (Community Mobilizer) द्वारा स्वयं सहायता समूहों की साप्ताहिक बैठक में सदस्यों के बीच जेंडर आधारित हिंसा रोकने तथा जेंडर एकीकरण को बढ़ावा देने हेतु चर्चा कर इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसके साथ ही ग्राम संगठन द्वारा आयोजित किये जा रहे प्रभात-फेरी में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जायेगा।
- जेंडर आधारित हिंसा रोकने तथा जेंडर एकीकरण अभियान के प्रचार-प्रसार तथा लोगो को जागरूक कराने हेतु ग्राम स्तर पर दिवाल पेंटिंग/ स्लोगन लेखन का कार्य किया जाना है , जिसे सम्बंधित ग्राम संगठनों द्वारा किया जायेगा।

**ख. प्रखंड स्तरीय गतिविधि**

- सभी जीविका प्रखंड इकाइयों द्वारा प्रखंड स्तर पर जेंडर एकीकरण अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार तथा जागरूकता हेतु विभिन्न सार्वजनिक स्थानों यथा-पंचायत भवन, आंगनवाडी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र इत्यादि स्थलों पर अभियान से सम्बंधित वाल-पेंटिंग, बैनर तथा होर्डिंग्स लगाया जायेगा।
- प्रखंड स्तर पर इस अभियान में क्रियान्वित गतिविधियों का साप्ताहिक अनुश्रवण किया जाएगा एवं इसका प्रतिवेदन जिला एवं राज्य कार्यालय के साथ साझा किया जाएगा,जिसकी जिम्मेवारी सम्बंधित प्रखंड परियोजना प्रबंधक-जीविका की होगी ।
- प्रखंड परियोजना प्रबंधक द्वारा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के सहयोग से सरकारी विद्यालयों में जागरूकता अभियान का आयोजन किया जायेगा।

ग. जिला स्तरीय गतिविधि

- जिला परियोजना प्रबंधक की अध्यक्षता में जिला स्तर पर कमिटी का गठन किया जायेगा जिसमें प्रबंधक-संस्था निर्माण एवं क्षमता वर्धन, प्रबंधक-सामजिक विकास एवं प्रबंधक-संचार शामिल होंगे। कमिटी द्वारा पूरे अभियान का अनुश्रवन एवं क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा।
- जिला संचार प्रबंधक के द्वारा जेंडर एकीकरण अभियान से सम्बंधित क्रियाकलापों एवं आलेखों का प्रकाशन विभिन्न समाचार पत्रों में किया जाएगा।
- इस अभियान से सम्बंधित दीदियों के अनुभवों का संकलन एवं दस्तावेजीकरण कर उसे सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों से प्रचारित-प्रसारित किया जायेगा।
- इस अभियान की दिशा में किये जा रहे उत्कृष्ट कार्य एवं अनुभवों पर आधारित 1-2 मिनट का विडियो दस्तावेजीकरण किया जाएगा, जिसकी जिम्मेवारी सम्बंधित जिले के संचार प्रबंधक की होगी ।
- जीविका जिला इकाई द्वारा अभियान के दौरान प्रचार-प्रसार हेतु अनुमोदित फ्लेक्स एवं बैनर के प्रारूप को मुद्रित कर उपयोग में लाया जाएगा।

घ. राज्य स्तरीय गतिविधि

- सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, बिहार सरकार से समन्वय कर जेंडर एकीकरण अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु दूर-संचार के विभिन्न माध्यमों का उपयोग कर विज्ञापनों का प्रकाशन किया जायेगा।
- इस अभियान से सम्बंधित रेडियो जिंगल का निर्माण एवं उसका व्यापक स्तर पर विभिन्न माध्यमों से प्रसारण सुनिश्चित किया जायेगा।
- स्वयं सहायता समूह सदस्यों की जागरूकता एवं ग्राम संगठनों के प्रभात-फेरी के लिए IEC सामग्री निर्माण कर प्रखंड एवं जिला इकाई को ससमय उपलब्ध कराया जायेगा।

**अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु राज्य स्तर से श्री नीरज कुमार सिंह-परियोजना प्रबंधक (अधिकार) एवं श्री पवन कुमार प्रियदर्शी –परियोजना प्रबंधक (संचार) नोडल पदाधिकारी होंगे।**

18/11/

( राहुल कुमार )
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी

**प्रतिलिपि-**

1. राज्य इकाई के सभी कर्मी
2. सभी जिला परियोजना प्रबन्धक / विषयगत प्रबंधक/ प्रखंड परियोजना प्रबन्धक
3. संबन्धित संचिका